विदेश से मेडिकल कोर्स करके लौटे छात्रों के सामने इंटर्नशिप का संकट

- दिल्ली के रहने वाले 230 छात्रों ने डीएमसी में किया आवेदन, इंटर्नशिप की 60 सीटें ही उपलब्ध
- डीएमसी ने एनएमसी को पत्र लिख निजी अस्पतालों में इंटर्नशिप का प्रविधान करने की सिफारिश की

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों के सामने इंटर्नशिप का संकट बना हुआ है। इसका कारण है कि दिल्ली के मेडिकल कालेजों में उपलब्ध सीट की तुलना में विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करके आए दिल्ली के रहने वाले करीब चार गुना अधिक छात्रों ने इंटर्नशिप के लिए दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) में आवेदन किया है। सभी छात्रों इंटर्नशिप मिल पाना मुश्किल है। इससे छात्र परेशान हैं।

डीएमसी ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को पत्र लिखकर इस समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित कराया है और पिछले वर्ष की तरह दिल्ली के गैर शैक्षणिक अस्पतालों में इंटर्नशिप दिए जाने की सिफारिश की है, ताकि सभी छात्रों को इंटर्नशिप मिल सके।

डीएमसी ने पत्र में लिखा कि नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ने विदेश से मेडिकल कोर्स करके आए छात्रों की परीक्षा का परिणाम फरवरी में घोषित किया था। परीक्षा पास करने वाले करीब एक हजार छात्र दिल्ली में इंटर्नशिप करना चाहते हैं।

डीएमसी में विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करके आए दिल्ली निवासी 230 छात्रों ने इंटर्नशिप के लिए आवेदन दिया है। इन छात्रों ने आवेदन के साथ दिल्ली का आधार कार्ड या पासपोर्ट संलग्न किया है। डीएमसी के रजिस्ट्रार डा. गिरीश त्यागी ने दिल्ली के मेडिकल कालेजों ने विदेश से मेडिकल पढ़े छात्रों के इंटर्नशिप के लिए 60 सीटें उपलब्ध होने की जानकारी दी है। मौलाना आजाद मेडिकल कालेज (एमएएमसी) व आरएमएल अस्पताल ने उपलब्ध सीटों की जानकारी डीएमसी को नहीं भेजी है।

डा. गिरीश त्यागी ने कहा कि एमएएमसी और आरएमएल के मेडिकल कालेज को पांच-छह बार पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन इन दोनों संस्थानों ने उपलब्ध सीटों की जानकारी नहीं दी।

विदेश से लौटे एनसीआर में रहने वाले छात्र भी दिल्ली के मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप करना चाहते हैं, क्योंकि एनसीआर के शहरों में ज्यादा मेडिकल कालेज नहीं हैं। राष्ट्रीय राजधानी के मेडिकल कालेजों में उपलब्ध सीटों की तुलना में आवेदन अधिक आने से दिल्ली के सभी छात्रों को ही इंटर्नशिप के लिए सीटें उपलब्ध कराना मुश्किल है।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी ऐसी समस्या आई थी, तब एनएमसी ने दिल्ली के गैर शैक्षणिक सरकारी व निजी क्षेत्र के आधा दर्जन अस्पतालों में इन छात्रों के लिए एक वर्ष इंटर्नशिप की स्वीकृति दी थी। इससे करीब 400 छात्रों को इंटर्नशिप का मौका मिल गया था। मौजूदा सत्र के छात्रों के लिए यह आदेश प्रभावी नहीं है। मौजूदा स्थिति के मद्देनजर इस बार भी गैर शैक्षणिक अस्पतालों में इंटर्नशिप का प्रविधान किया जाना चाहिए।

50 हजार की रिश्वत लेने पर सदर थाना प्रभारी व एएसआइ गिरफ्तार

हरियाणा के रेवाड़ी का मामला, सट्टेबाज से मांग रहे थे पैसा

जागरण संवाददाता, रेवाड़ी: भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक युवक से सट्टा खाईवाली के नाम पर 50 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में सदर थाना प्रभारी व एक एएसआइ को गिरफ्तार किया है। गांव गोकलगढ़ के रहने वाले सुनील गाड़ियों की खरीद और बिक्री करने के साथ सट्टे का भी कार्य करता है। आरोप है कि पुलिस की ओर से उस पर रिश्वत देने का लगातार दबाव डाला जा रहा था। परेशान होकर उसने विजिलेंस को शिकायत दी थी। थाना प्रभारी द्वारा सट्टा खिलाने की एवज में रिश्वत मांगने की सूचना के बाद विजिलेंस ने अपना जाल बिछा दिया।

सदर थाना प्रभारी, सुनील दत्त •

एएसआइ कमल सिंह

सोमवार को शिकायतकर्ता सुनील ने सदर थाना के सहायक उप निरीक्षक कमल को फोन कर रिश्वत देने की बात कही। कमल ने बताया कि वह अपने क्वार्टर में है और रुपये वहीं पहुंचा दे। इसके बाद विजिलेंस टीम सुनील को साथ लेकर क्वार्टर में पहुंची, जहां सुनील ने कमल को 50 हजार रुपये दिए। सुनील द्वारा कमल को रुपये देने के तुरंत बाद ही विजिलेंस की टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथों काबू कर लिया। इसके बाद विजिलेंस की टीम एएसआइ कमल द्वारा बताए जाने पर कोर्ट परिसर पहुंची, जहां थाना प्रभारी सुनील दत्त मौजूद थे। विजिलेंस की टीम ने कोर्ट परिसर से थाना प्रभारी सुनील दत्त को भी काबू कर लिया।

बताया गया कि शिकायतकर्ता सुनील लंबे समय से सट्टा खाई वाले का कार्य नहीं कर रहा था। इसके बावजूद भी पुलिस द्वारा उस पर रिश्वत लेने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी से परेशान होकर उसने विजिलेंस को शिकायत की। पुलिस की ओर से शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये प्रतिमाह की रिश्वत मांगी जा रही थी। सुनील ने पिछले दो माह से रिश्वत के रुपये नहीं दिए थे। करीब एक सप्ताह पूर्व आरोपित पुलिसकर्मियों द्वारा शिकायतकर्ता का मोबाइल जब्त कर लिया था। जब वह अपना मोबाइल लेने पहुंचा तो उनके बीच मोबाइल के 10 हजार एवं दो माह की 20-20 हजार रुपये की मंथली देना भी तय हो गया था।

रिश्वत मांगने के आरोप में पूर्व एसएचओ समेत चार पुलिसकर्मियों पर मुकदमा

संवाद सहयोगी •जागरण, मुरादनगर : दो वर्ष पहले दहेज उत्पीड़न के मामले को रफादफा करने के एवज में दो लाख रिश्वत मांगने के आरोप में तत्कालीन एसएचओ समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुरादनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता रघुपाल सिंह के अनुसार उनके खिलाफ मुरादनगर थाने में दहेज उत्पीड़न की धाराओं में केस दर्ज हुआ था। मुकदमा खत्म कराने के नाम पर उनसे दो लाख रुपये रिश्वत मांगी। मना करने पर पुलिसकर्मियों ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। आए दिन दबिश दी जाने लगी।

परेशान आकर पीड़ित ने डीसीपी ग्रामीण से शिकायत की। उन्होंने एसीपी से जांच कराई तो पुष्टि हुई। मामले में अब सोमवार को चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मुजफ्फरनगर की इंदिरा कालोनी निवासी रघुपाल सिंह व्यवसाय करते हैं। रघुपाल सिंह के पुत्र भारतीय नौसेना में कार्यरत हैं। रघुपाल सिंह के अनुसार वर्ष 2022 में एक परिचित के कहने पर उन्होंने अपने पुत्र का रिश्ता के रेलवे रोड निवासी एक युवती के साथ तय किया था, जिसमें अंगूठी पहनाने आदि की रस्म पूरी हो चुकी थी। बाद में किसी कारण के चलते रिश्ता टूट गया। कन्या पक्ष ने वर, उनके पिता व अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज मांगने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने पर विकास नामक हेड कांस्टेबल ने उनसे फोन से संपर्क किया और केस को रफदफा कराने के संबंध में तत्कालीन एसएचओ से बात कराई। एसएचओ ने पीड़ित को उनके बेटे की नौकरी खोने के नाम पर डराया और उनसे रिश्वत के तौर दो लाख की मांग की थी।

मोदीनगर में युवक ने महिला पर बनाया मतांतरण का दबाव

जागरण संवाददाता, मोदीनगर : कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी में युवक द्वारा महिला पर मतांतरण के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपित युवक महिला के जेवर व 60 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। महिला ने थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस छानबीन में जुटी है। गाजियाबाद की एक महिला मोदीनगर की एक फैक्ट्री में नौकरी करती हैं।

उनके मुताबिक, कुछ साल पहले उनकी एक युवक से मुलाकात हुई। वह आटो चलाता है। उनके बीच दोस्ती हो गई। कुछ समय बाद प्रेम-प्रसंग भी शुरू हो गए। इसके बाद महिला युवक के साथ ही मोदीनगर में रहने लगी। अब कुछ दिन पहले महिला को पता चला कि युवक मुस्लिम धर्म से है। उसने शुरू में अपना हिंदू नाम बताया था। अब वह उन पर मतांतरण के लिए दबाव बना रहा है। महिला ने मना किया तो आरोपित ने उनके साथ मारपीट की। रात में वह घर से चला गया। साथ में जेवर भी ले गया।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
(Formerly Delhi College of Engineering)
(Estd. by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 of 2009)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi 110042

No. F.DTU/Rectt./AP/2024/F-950/2861 Date : 12/04/2024

CORRIGENDUM
For Recruitment for the post of Assistant Professor

This is in continuation to the advertisement no. F.DTU/Rectt./AP/2024/F-950/2775 dated: 14.03.2024.

For the candidates having M.Sc./MA in relevant branch or equivalent as part of the essential qualifications for the post of Assistant Professor in the disciplines Economics (USME) and Biotechnology, relaxation of 5% of marks (from 55% to 50%) in Academic Qualification is given to the candidates belonging to Scheduled Caste/Scheduled Tribe/Other Backward Classes (OBC-Non-Creamy Layer)/Differently-abled (refer dtu.ac.in for details) for the purpose of eligibility and assessing good academic record for direct recruitment. The eligibility marks of 55% marks (or an equivalent grade in a point scale wherever the grading system is followed) and the relaxation of 5% to the categories mentioned above are permissible, based only on the qualifying marks without including any grace mark procedure.

Only those candidates who could not become eligible due to non-availability of 5% of marks relaxation (from 55% to 50%) in the Academic Qualification in earlier advertisements, may now apply online, if eligible, as per above relaxation in marks in Academic Qualification, provided they fulfill all other eligibility criteria as prescribed in the earlier advertisements. The last date for apply online is **30.04.2024.** They are required to send the printout of online filled Application Form with the desired/relevant documents so as to reach the Director (Recruitment), Recruitment Branch, 3rd Floor, Administrative Block, Delhi Technological University, Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi-110042 **latest by 10.05.2024.**

Sd/-
Registrar

NOTICE INVITING TENDER
JEWAR TRANSMISSION LIMITED
2nd Floor, Niryat Bhawan, Rao Tularam Marg, Vasant Vihar, Opp. Army Hospital & Referral, New Delhi-110057
Tel: +91-9676520044/+91-08790994621

No: JTL / THCH / JEWAR/ 24-25 / SS&TL-1 Date: 15-04-2024

Siddhi Consulting Engineers Pvt. Ltd., Plot No: 35, Vijetha Green Homes, Nizampet Road, Hyderabad – 500 072. (India) for and on behalf of M/s. Jewar Transmission Limited (hereafter referred as JTL), 2nd Floor, Niryat Bhawan, Rao Tularam Marg, Vasant Vihar, Opp. Army Hospital & Referral, New Delhi-110057 invites tenders under two bid system, from registered / approved and eligible contractors/Agencies of PGCIL, Central Utilities and State Utilities for **Construction of "400/220 kV, 2x500 MVA GIS Substation Jewar, 220/33 kV, 2x60 MVA GIS substation Cantt (Chaukaghat) Varanasi, 220/33 kV, 3x60 MVA GIS substation Vasundhara (Ghaziabad), 220/132/33 kV, 2x160+2x40 MVA substation khaga (Fatehpur) with associated lines" under Turnkey basis.**

**On remittance of Tender fee can share the payment details to info@siddhi.asia / info@jtl.in.net for obtaining the tender details as well as tender documents.

**Tender fee Rs.25,000+GST. Account Details: Jewar Transmission Limited A/c.No:054805001563 IFSC: ICIC0000548.

Sl No	Name of Tender	Earnest Money Deposit (INR)	Document download/ clarification start/sale start date	Document download/ sale end date	Prebid Meeting date	Bid (soft) submission start & end date	Bid (hardcopy) submission date	Bid Opening date & time
01	Construction of "400/220 kV, 2x500 MVA GIS Substation Jewar, 220/33 kV, 2x60 MVA GIS substation Cantt (Chaukaghat) Varanasi, 220/33 kV, 3x60 MVA GIS substation Vasundhara (Ghaziabad), 220/132/33 kV, 2x160+2x40 MVA substation khaga (Fatehpur) with associated lines" under Turnkey basis.	Refer the "FORMAT OF THE BID SECURITY DECLARATION"	18-04-2024 16:00 Hrs.	23-04-2024 16:00 Hrs.	22-04-2024 11:00 Hrs.	Start: 25-04-2024 11:00 Hrs. End: 25-04-2024 16:00 Hrs.	Start: 27-04-2024 11:00 Hrs. End: 27-04-2024 15:00 Hrs.	29-04-2024 16:30 Hrs.

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/गतिशक्ति यूनिट/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं. 01, निविदा सूचना संख्या ई-निविदा-गशयू-एल-01-24-25, कार्य का नाम: अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी मंडल के गैरवा, कप्तानगंज और देवरिया सदर स्टेशनों के विकास के लिये एस.ई.ए. के तहत विद्युतीय कार्य का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 1,71,15,078.66, धरोहर राशि: ₹ 2,35,600/-, कार्य समापन का समय: 120 दिन। निविदा समापन की तिथि एवं समय: 07-05-2024, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 07-05-2024, 14:30 बजे।

- उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/ग.श.यू.
मुजाधि/विद्युत-07 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कंपनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
CIN: L45203DL1976GOI008171, वेबसाइट: www.ircon.org

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा संख्या: इरकॉन/एस एंड टी/1800021/12239 दिनांक 15.04.2024

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से "श्रीलंका रेलवे के महो से अनुराधापुरा खंड तक सिंगल लाइन स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग सहित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग आधारित सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणाली का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग" कार्य के लिए अर्हता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले बोलीदाताओं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य की अनुमानित लागत (USD) : $ 8,501,177

ई-बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय : 09.05.2024, 15:00 बजे

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https:etenders.gov.in/eprocure/app पर जाएं। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर ही होस्ट किया जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक/इरकॉन
नंबर 12 किनरॉस एवेन्यू, कोलंबो-04, श्रीलंका

सैनिक स्कूल, कालीबंगा
18 SPD, Rawatsar Road, Suratgarh (Rajasthan)

अंतिम प्रवेश सूचना (2024-25)

कक्षा VI, VII , VIII, IX और XI में प्रवेश हेतु विशेष कोटा के अंतर्गत अंतिम 40 रिक्तियों (छात्र-छात्राओं) के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

- आवेदन पत्र स्कूल वेबसाईट पर उपलब्ध है तथा 490/- रूपये के आवेदन शुल्क के साथ www.sainikschoolkalibangan.com पर ऑनलाईन ही भरे जायेंगे।
- साक्षात्कार, मेडिकल तथा चयन की समस्त जानकारी के लिये स्कूल की वेबसाईट समय-समय पर देखते रहें।
- सैनिक स्कूल, कालीबंगा छात्र-छात्राओं को CBSE Curriculum के साथ NDA, IIT-JEE व NEET प्रवेश परीक्षा हेतु शैक्षणिक, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रशिक्षित करता है।

संपर्क सूत्र :- 9210827301

प्रवेश सूचना
सामान्य प्रवेश परीक्षा-2024
प्रवेश के लिए

स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एसवीनिरतार)
ओलटपुर, डाकघर-बाईरोई, जिला-कटक (ओड़िशा) पिन-754010
वेबसाईट : https://svnirtar.nic.in, ई-मेल : dasvnirtar@gmail.com

राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान (एनआईएलडी)
बीटी रोड, बोनहुगली, कोलकता-700 090
वेबसाईट : www.niohkol.nic.in, ई-मेल : mail@nioh.in

राष्ट्रीय बहुदिव्यांगता जन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीएमडी)
ईस्ट कोस्ट रोड, कोवलम पोस्ट-मुत्तुकाडु, चेत्रई-6031126
वेबसाईट : www.niepmd.tn.nic.in, ई-मेल : niepmd@gov.in

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान (पीडीयूएनआईपीपीडी)
4, विष्णु दिगम्बरमार्ग, नई दिल्ली - 110002
वेबसाईट : www.pdunippd.in, ई-मेल : diriph@nic.in

दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसीएसआरई)
जीएमसीएच कैंपस, भंगागढ़, गुवाहाटी, असम - 781032
वेबसाईट : www.crcguwahati.in, ई-मेल : crcguwahati@gmail.com

उपरोक्त सभी संस्थान दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारीता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन आते हैं ।

निम्नलिखित व्यवसायिक डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीइटी)-2024 में उपस्थित होने के लिए योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित फॉर्म पर आवेदन (ऑनलाइन) आमंत्रित किए जाते हैं :

1. बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बीपीटी)
2. बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी (बीओटी)
3. बैचलर इन प्रोस्थेटिक्स एंड ऑर्थोटिक्स (बीपीओ)
4. बैचलर इन ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी (बीएएसएलपी)

पात्रता : अनिवार्य विषय के रुप में अंग्रेजी के साथ 10+2 विज्ञान

एसवीनिरतार में प्रवेश के लिए स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा

निम्नलिखित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा (पीजीईटी)-2024 में उपस्थित होने के लिए योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित फॉर्म पर आवेदन (ऑनलाइन) आमंत्रित किए जाते हैं :

1. मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (एमपीटी)
2. मास्टर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी (एमओटी)
3. मास्टर ऑफ प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (एमपिओ)

पात्रता: एमपीटी के लिए बीपीटी/बी.एससी. (पीटी) में डिग्री, एमओटी के लिए बीओटी/बी.एससी. (ओटी) में डिग्री, एमपीओ पाठ्यक्रम के लिए बीपीओ/बी.एससी. (पी ओ) में डिग्री ।

सुचना विवरणिका और आवेदन पत्र के ऑनलाइन प्रकाशन की प्रारंभिक तिथि : 15.04.2024
आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 20.05.2024
प्रवेश परीक्षा की तिथि : 23.06.2024

अधिक विवरण के लिए लॉग ऑन करें : https://admission.svnirtar.nic.in

निदेशक, एसवीनिरतार
सह अध्यक्ष, सीईटी और पिजीईटी-2024

LUPIN LIFE Softovac® LIQUIFIBRE

इसबगोल फायबर अब लिक्विड में

पेश है सॉफ़्टोवैक लिक्विफ़ायबर

कब्ज़ से राहत का आयुर्वेदिक तरीका

हरड़, सोनामुखी, मुलेठी और अन्य परखी गयी सामग्रियों के साथ.

रातभर में मिले राहत[1]

आदत ना लगे

शुगर फ्री

स्वादिष्ट आम का फ़्लेवर

रहो हल्के, जियो खुलके

A Quality Product From Lupin
Toll-free Number: 18002667400 | www.lupin.com

* गर्भवती महिलाएं उपयोग करने से पहले अपने चिकित्सक की सलाह लें.
1. फ़ाइल में डेटा, अलग अलग व्यक्तियों में असर अलग हो सकता है

अधिक जानें